# औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में स्थापित उद्योगों का बनेगा डाटाबेस

लखनऊ। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग प्रदेश के सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में स्थापित उद्योगों का सर्वे कराकर पूरा डाटाबेस तैयार कराएगा। इसकी सारी जानकारी एप पर उपलब्ध होगी। उत्तर प्रदेश में वर्तमान समय में उद्योगों की वास्तविक स्थिति क्या है, मैन्युफैक्चरिंग का ईको सिस्टम क्या है, वास्तविक जीडीपी क्या है इसकी पूरी जानकारी सेकेंडों में मिल जाएगी।

## औद्योगिक विकास विभाग प्रदेश के इन उद्योगों का कराएगा सर्वे

प्रदेश की अर्थव्यवस्था दस खरब डालर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की लगातार समीक्षा की जा रही है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी ने सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अफसरों को लैंड बैंक बढ़ाने के साथ ही विकसित भूमि के आवंटन की रफ्तार तेज करने के निर्देश दिए हैं। इन्वेस्ट यूपी के साथ काम कर रही डेलॉयट इंडिया प्रदेश की जीडीपी में उद्योगों के योगदान की वास्तविक स्थिति के लिए एक एप बनाया जा रहा है। इसके माध्यम से सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में स्थापित उद्योगों का सर्वे कराकर डाटा बेस तैयार किया जाएगा। डाटा बेस के जरिये यूपी के औद्योगिक विकास की तस्वीर सामने आएगी। ब्यूरो